# अमेरिका संग वार्तालाप रही सार्थक

**▸ विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जताई उम्मीद**



**नई दिल्ली, 24 मई. विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी को बेहद मजबूत बताते हुए उम्मीद जताई है कि इस जटिल समय में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ उनकी बातचीत काफी सार्थक रहेगी.**

जयशंकर ने रूबियो के साथ रविवार को यहां विपक्षीय वार्ता से पहले अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा कि दोनों देशों के बीच गहरे और व्यापक संबंध है जो दुनिया को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं. उन्होंने उम्मीद जताई कि इस जटिल समय में हो रही दोनों नेताओं की बातचीत काफी सार्थक होगी.

विदेश मंत्री ने कहा, हमारी एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है और मेरा मानना है कि इसका सरल भाषा में अर्थ यह है कि हमारे बीच बहुत गहरा, बहुत व्यापक सहयोग और ऐसा संबंध है, जो अन्य क्षेत्रों और दुनिया को प्रभावित करने की क्षमता रखता है. ऐसा इसलिए है क्योंकि अनेक मुद्दों पर और दुनिया के कई हिस्सों में हमारे हित एक-दूसरे से मेल खाते हैं. मैं आज हमारी बातचीत की प्रतीक्षा कर रहा हूं. ये समय जटिल हैं, हमारी चर्चाएं बहुत खुली और परिणामदायक होंगी.

**▸ संघर्षों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन**

जयशंकर ने प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत के पांच सूत्रीय दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली संघर्षों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन करती है, बिना बाधा के समुद्री व्यापार का पक्ष लेती है, और व्यापार और संसाधनों का 'एक हथियार' के तौर पर इस्तेमाल करने का कड़ा विरोध करती है. हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका विभिन्न क्षेत्रों में नियमित संपर्क और रणनीतिक समन्वय बनाए हुए हैं.

## गुरुग्राम जिला अदालत में लगी भीषण आग



**गुरुग्राम, 24 मई.** हरियाणा के गुरुग्राम के जिला न्यायालय परिसर में रविवार सुबह भीषण आग लगने से न्यायालय भवन का एक हिस्सा भी भरभराकर ढह गया. यह घटना निचली अदालत के रिकॉर्ड रूम में हुई, अचानक धुआं और आग की तेज लपटें उठती दिखाई दीं. मौके से गुजर रहे वकीलों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और चौकीदार को सूचना दी. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की घटनास्थल पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया.

# अराजकता फैलाना चाहते हैं राहुल

**▸ पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के बयान को गंभीर करार दिया**

**नयी दिल्ली, 24 मई. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मोदी सरकार को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को देश में अराजकता फैलाने की एक गंभीर साज़िश करार दिया है और उन पर देश में हिंसा भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया है.**

राहुल गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ती आर्थिक असंतोष होगी. उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी.



गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गोयल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि गांधी का बयान कांग्रेस, सभी विपक्षी दलों और भारत को अस्थिर करने का सपना देखने वाले टूलकिट गैंग द्वारा देश के खिलाफ रची जा रही एक बड़ी साज़िश की ओर इशारा करता है.

यह कोई साधारण बयान नहीं है, बल्कि देश में अराजकता फैलाने की एक गंभीर साज़िश है. उन्होंने कहा कि जब गांधी और उनकी टीम को यह एहसास हो गया कि वे करिश्माई प्रधानमंत्री को लोगों के दिलों से नहीं निकाल सकते और सीधे लोकतांत्रिक मुकाबले में भारतीय जनता पार्टी को नहीं हरा सकते, तो अब वे पूरे देश में हिंसा भड़काना चाहते हैं. वे देश का कुछ भी अच्छा होते हुए देख भी नहीं सकते.

> पीयूष गोयल ने कहा कि देश की जनता समझदार है. वह गांधी, विपक्ष और देश के खिलाफ काम करने वाले 'टूलकिट गैंग' को बहुत अच्छी तरह समझती है. जनता ने इन लोगों को बार-बार करारा जवाब दिया है. भारत को आग के हवाले करने की इंडिया गठबंधन की साज़िश कभी कामयाब नहीं होगी.

# 28 .12 किलो हेरोइन बरामद

**▸ चार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**▸ फिरोजपुर में 9 .5 लाख की ड्रग मनी जब्त**

**फिरोजपुर, 24 मई. पंजाब में फिरोजपुर काउंटर इंटेलिजेंस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 140 करोड़ रुपये की 28.12 किलोग्राम हेरोइन और 9.5 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बगीचा सिंह और भूपिंदर सिंह निवासी गांव बोगीवाला, गुरुहरसहाय; साजन निवासी गांव अराइयांवाला तथा छिंदर पाल सिंह उर्फ रिंकू निवासी गांव लखा सिंह वाला, फिरोजपुर के रूप में हुई है. पुलिस ने आरोपियों की एक हुंडई क्रेटा कार भी जब्त की है, जिसका इस्तेमाल नशे की तस्करी में किया जा रहा था. यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस मॉड्यूल के तार विदेश में बैठे तस्करों और हैंडलरों से जुड़े हुए हैं. इन हैंडलरों ने आरोपियों को सीमा पार से भेजी गई हेरोइन की खेप हासिल कर भारत में आगे सप्लाई करने का जिम्मा सौंपा था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और पूरे अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क के लिंक खंगाले जा रहे हैं.

## आज का इतिहास

1985 – बांग्लादेश में भारी तूफान के कारण लगभग 10 हजार लोगों की मौत
1991 – इस्राइल ने 14 हजार यहूदियों को इथियोपिया से निकाला
1995 – अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार जीवित जीव के डी.एन.ए. को डीकोड करने में सफलता मिली
1998 – यूरोपीय संघ के सदस्य देश परमाणु परीक्षणों के कारण भारत पर प्रतिबंध न लगाने के लिए सहमत
2003 – चिली ने विश्व कप टेनिस का ख़िताब पहली बार जीता
2005 – हिन्दी फ़िल्म अभिनेता एवं राजनीतिज्ञ सुनील दत्त का निधन

# अफ्रीका को भेजी चिकित्सा और सुरक्षा किट

**▸ विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद ने किया खुलासा**

**▸ इबोला से निपटने भारत ने भेजी पहली खेप**

**नईदिल्ली, 24 मई. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में फैल रहे इबोला वायरस को बेहद गंभीर खतरा बताया है. इसके तहत भारत ने अफ्रीका को इबोला से निपटने के लिए तत्काल चिकित्सा सामग्री और सुरक्षा किट की पहली खेप भेज दी है.**

जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में कहा, रवविार को अफ्रीका को तत्काल चिकित्सा सामग्री और सुरक्षा किट की पहली खेप भेजी गई. इबोला से जुड़ी उभरती सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने में अफ्रीका का सहयोग करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला वायरस को बेहद खतरनाक बताया है. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आकलन स्तर को 'हाई' से 'वेरी हाई' श्रेणी में कर दिया है. हालांकि, संगठन का कहना है कि वैश्विक स्तर पर इसका खतरा कम है. डब्ल्यूएचओ ने इस प्रकोप और पड़ोसी देश युगांडा में मामलों की पुष्टि के बाद अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है. संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने शुक्रवार को बताया कि अब तक डीआरसी में 82 मामलों और सात मौतों की पुष्टि हो चुकी है. इसके अलावा लगभग 750 संदिग्ध मामले और 177 संदिग्ध मौत भी दर्ज की गई है.



भारत सरकार ने रविवार को अपने नागरिकों को सलाह दी है कि जो लोग वर्तमान में कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान में रह रहे हैं या वहां यात्रा पर जा रहे हैं.

# नीट मामले पर सरकार को घेरा

**▸ 22 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर : राहुल**

**नई दिल्ली, 24 मई. नीट-यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते और परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया जाता.**

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैदराबाद में छात्रों के प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया. प्रदर्शनकारी छात्र नीट पेपर लीक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री



धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ भी नारे लगाए गए. राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में कहा कि जब लाखों युवा सड़कों पर हों, 22 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर लगा हो और प्रधानमंत्री चुप रहें, तो यह साफ दिखता है कि सरकार जवाब देने के बजाय बचने में लगी है. धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते और नीट जैसे पेपर लीक रोकने के लिए फुलप्रूफ व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा.

## एक नजर में

### राजस्थान सड़क हादसे में 3 की मौत

**जयपुर, 24 मई.** राजसमंद जिले के आमेट थाना क्षेत्र में रविवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा उस समय हुआ जब परिवार ढेलाणा भैरूजी के दर्शन के लिए बाइक से जा रहा था. रास्ते में चंद्रभागा नदी की आसन पुलिया पर सामने से तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक चला रहे आमेट निवासी मुकेश जोशी, उनके भांजे लक्ष्यदीप और भतीजे कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई.

### ट्राले की टक्कर से मां-बेटे की मौत

**मुंबई, 24 मई.** कालिंजर थानाक्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसे में महिला और उसके डेढ़ वर्षीय बेटे की मौत हो गई. वहीं पति समेत तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए. कटरा कालिंजर गांव निवासी कमल कुमार पत्नी सुनीता और तीन बच्चों शिवानी, शिवांशी और शिवांश के साथ बाइक से अपनी ससुराल निवाइच गांव निमंत्रण में जा रहे थे. जैसे ही वह परिवार के साथ रामनगर चौराहे के पास पीछे से तेज रफ्तार ट्रॉला ने बाइक में टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिर गए.

# सरकार ने सत्यापन का दायरा बढ़ाया

**▸ सीएनजी, एलएनजी और हाइड्रोजन पर नया शुल्क**

**नई दिल्ली, 24 मई. कार्यक्षमता को बेहतर बनाने और स्वच्छ ईंधन के बढ़ते इस्तेमाल को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्र सरकार ने रविवार को कहा कि उसने 'लीगल मेट्रोलॉजी नियम, 2013' में संशोधन किया है.**

इसका उद्देश्य भारत के लीगल मेट्रोलॉजी इकोसिस्टम को और मजबूत करना तथा देश में वजन और माप के सत्यापन संबंधी बुनियादी ढांचे का विस्तार करना है. संशोधन की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें सरकारी-अनुमोदित परीक्षण केंद्रों के दायरे का विस्तार किया गया है, ताकि अतिरिक्त ईंधन वितरण प्रणालियों के सत्यापन और पुन: सत्यापन को भी इसमें शामिल किया जा सके. उम्मीद है कि इस कदम से सत्यापन सेवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी.

संशोधनों के तहत राज्यों को यह अधिकार दिया गया है कि वे अपने-अपने नियमों के अनुसार जीएटीसी के माध्यम से सत्यापन के लिए वजन और माप की अतिरिक्त श्रेणियों को अधिसूचित कर सकें. पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर के सत्यापन के लिए शुल्क 5 हजार रुपए प्रति नोजल निर्धारित किया गया है.

**▸ आवश्यक बुनियादी ढांचा और तकनीकि विशेषज्ञता उपलब्ध**

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एक बयान में कहा कि इन उपकरणों को शामिल किए जाने के बाद जीएटीसी अब 'लीगल मेट्रोलॉजी' ढांचे के तहत वजन और माप की कुल 23 श्रेणियों का सत्यापन और पुन: सत्यापन कर सकेंगे. जीएटीसी ऐसी अनुमोदित सुविधाएं हैं, 'लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट' और उससे संबंधित नियमों के तहत निर्धारित वजन और माप के सत्यापन तथा पुन: सत्यापन का कार्य करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा और तकनीकी विशेषज्ञता उपलब्ध है. योग्य निजी प्रयोगशालाओं और उद्योगों को शामिल करके जीएटीसी ढांचा देश की सत्यापन क्षमता का विस्तार करने तथा सत्यापन सेवाओं तक पहुंच बेहतर बनाने में मदद करता है.

## दहशत फैलाने वाली बाघिन पकड़ी गई

**चंद्रपुर, 24 मई.** महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के सिंदेवाही तालुका के गुंजेवाही वन क्षेत्र में तेंदू पत्ते इकट्ठा करने गई चार महिलाओं को शिकार बनाने वाली आदमखोर बाघिन को वन विभाग ने पकड़ लिया है। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी. क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले घातक हमलों के बाद शुरू किए गए व्यापक तलाशी अभियान के बाद, लगभग 14 वर्ष की बाघिन को शनिवार रात पवनपार झील के पास बेहोश कर दिया गया, जिसकी पहचान टी-2 के रूप में हुई है. बाघिन को रात लगभग नौ बजे के आसपास एक विशेष दल द्वारा जाल बिछाकर और डार्ट गन का उपयोग करके बेहोश करके पकड़ा गया.

# एक माह में बद्रीनाथ पहुंचे साढ़े 5 लाख भक्त

**▸ एक दिन में 32 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन**

**▸ बदरीनाथ धाम में उमड़ा आस्था का महासैलाब**

**बदरीनाथ/चमोली, 24 मई .उत्तराखंड के पवित्र बदरीनाथ धाम में इस बार आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है.भगवान बदरीविशाल के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगातार धाम पहुंच रही है.**

23 अप्रैल को कपाट खुलने के बाद से अब तक 5 लाख 56 हजार 437 श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं. यात्रा सीजन के शुरुआती एक महीने में ही इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना प्रशासन



और मंदिर समिति के लिए बड़ी चुनौती के साथ उत्साह का विषय भी बन गया है।जिला प्रशासन की ओर से जारी यात्रा बुलेटिन के मुताबिक, बीते 24 घंटों में 32 हजार 219 श्रद्धालुओं ने भगवान बदरीविशाल के दर्शन किए.इनमें 19 हजार 71 पुरुष, 12 हजार 677 महिलाएं और 471 बच्चे शामिल रहे.लगातार बढ़ती भीड़ के बीच प्रशासन यात्रा को सुचारु बनाए रखने के लिए पूरी तरह अलर्ट मोड पर काम कर रहा है। यात्रा मार्ग पर अतिरिक्त पुलिस बल और अधिकारियों की तैनाती की गई . है.मेडिकल सहायता केंद्रों पर

# राहुल पर सरकार गिराने का आरोप

**▸ मोदी सरकार को गिराने की साज़िश रच रहे राहुल : पात्रा**

**नई दिल्ली, 24 मई. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अराजकता के ज़रिए मोदी सरकार को गिराने की साज़िश रचने का आरोप लगाया है.**

राहुल गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ता आर्थिक असंतोष होगा. उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी. पात्रा ने गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि



गांधी ने कांग्रेस पार्टी की अल्पसंख्यक सलाहकार बैठक में कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी. यह बयान साफ तौर पर दर्शाता है कि गांधी अराजकता के ज़रिए सरकार को गिराने की साज़िश रच रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनकी इस साज़िश को कभी कामयाब नहीं होने देगी. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को 140 करोड़ देशवासियों का अटूट विश्वास और आशीर्वाद प्राप्त है.

# अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम पर सहमत

**▸ हॉमुर्ज खुलने का रास्ता हुआ साफ**

**वाशिंगटन, 24 मई. अमेरिका और ईरान एक ऐसे समझौते के करीब हैं जिसमें 60 दिन का संघर्ष विराम और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने की बात है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में संभावनाओं की ओर इशारा किया.**

वहीं ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने भी एमओयू पर काम जारी कहकर सकारात्मक संकेत दिए. इस बीच एक रिपोर्ट '60 डे डील' की बात कर रही है. अमेरिका और ईरान एक ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर करने के बेहद करीब हैं जिसमें 60



दिनों के संघर्ष विराम विस्तार का प्रस्ताव शामिल है. इस अवधि के दौरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोला जाएगा, ईरान को स्वतंत्र रूप से तेल बेचने की अनुमति होगी और उसके परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने पर बातचीत की जाएगी. यह जानकारी एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से दी गई है. समझौता ज्ञापन के तहत इन 60 दिनों के दौरान होर्मुज बिना किसी टोल शुल्क के खुला रहेगा ईरान उन समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाने पर भी सहमत होगा जिन्हें उसने कथित तौर पर बिछाया है, ताकि जहाजों की आवाजाही सामान्य रूप से जारी रह सके. प्रस्तावित समझौते के तहत अमेरिका ईरानी बंदरगाहों पर लगाए गए अपने प्रतिबंध हटाएगा और कुछ में छूट देगा.

> हालांकि, यदि हिज्बुल्लाह किसी हमले की शुरुआत करता है या हमला करता है, तो इजरायल को जवाबी कार्रवाई करने की अनुमति होगी. अगर हिज्बुल्लाह शांत रहता है, तो इजरायल भी शांत रहेगा। नेतन्याहू की अपनी घरेलू राजनीतिक चिंताएं हैं, लेकिन ट्रंप को अमेरिका और वैश्विक अर्थव्यवस्था के हितों के बारे में सोचना है.

# फाल्दा जीत पर जनता को बधाई

**कोलकाता, 24 मई. फाल्दा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के कुछ ही मिनटों बाद पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं.**

एक लंबे सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने भाजपा उम्मीदवार देबांग्शु पांडा को भारी जनादेश देकर जिताने के लिए फाल्दा के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने मतदाताओं से एक लाख मतों से जीत सुनिश्चित करने की अपील की थी तथा भाजपा उम्मीदवार ने अंतत: 1.09 लाख से अधिक मतों से जीत हासिल की है. अधिकारी ने लिखा, मैं फाल्दा की जनता के



आगे सिर झुकाता हूं. हम क्षेत्र के समग्र विकास के माध्यम से इस विश्वास को चुकाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. हम एक 'स्वर्ण फाल्दा' बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. मुख्यमंत्री ने डायमंड हार्बर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की प्रचंड जीत के कुछ ही मिनटों बाद तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी के बहुचर्चित 'डायमंड हार्बर मॉडल' का मज़ाक उड़ाते हुए कहा कि अब यह 'तृणमूल हार-बार मॉडल' में बदल चुका है.

**स्थापना दिवस ▸ सिक्किम राज्य का 51वां स्थापना दिवस समारोह**

# सिक्किम की भूमि स्मृति और चेतना का रक्षक

**▸ प्रधानमंत्री मोदी ने सिंधिया के साथ लेख किया साझा**

**▸ 'विकसित सिक्किम 2047' की दिशा में मार्ग प्रशस्त**

**सिक्किम, 24 मई. सिक्किम के राज्य बनने के 51वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा लिखित एक लेख साझा किया.**

प्रधानमंत्री ने कहा कि लेख में कंचनजंगा का विशेष जिक्र किया गया है और इसे सिक्किम की भूमि, स्मृति और चेतना का रक्षक बताया गया है. प्रधानमंत्री ने



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'जैसे ही सिक्किम अपने राज्य के दर्जे के 51वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कंचनजंगा के बारे में लिखा है, कंचनजंगा के पांच रत्न राज्य की यात्रा को लगातार उज्ज्वल बना रहे हैं, और 'विकसित सिक्किम 2047' की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं..

केंद्रीय मंत्री ने लिखा कि कंचनजंगा, जिसे पर्वत श्रृंखला कहा जाता है, हमारी कल्पना में लुंगता प्रार्थना झंडों, बादलों और बर्फ से ढकी दूर स्थित हिमालयी चोटियों के रूप में उभरता है.

**▸ भारत का समर्थन बेहद अहम : चीन ने दिया धन्यवाद**

नई दिल्ली,24 मई. चीन ने अपने शांक्सी प्रांत में हुए भीषण कोयला खदान हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा व्यक्त की गई संवेदनाओं के लिए भारत का आभार व्यक्त किया है. इस दर्दनाक हादसे में कम से कम कई लोगों की जान जा चुकी है और दो लोग अभी भी लापता हैं. भारत में चीन के राजदूत जू फेईहोंग ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी के पोस्ट का जवाब देते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत की सहानुभूति और समर्थन को बेहद मूल्यवान माना जाता है. चीनी राजदूत जू फेईहोंग ने पीएम मोदी के संदेश के लिए उनका धन्यवाद करते हुए एक्स पर लिखा कि शांक्सी प्रांत में खदान दुर्घटना के बाद प्रधानमंत्री मोदी के संवेदना संदेश के लिए हम उनकी सराहना करते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग को इस हादसे पर अपना शोक संदेश भेजा था. पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था.

## यमुना पुनर्जीवन के लिए सरकार का बड़ा कदम

**नई दिल्ली, 24 मई.** दिल्ली सरकार यमुना नदी के पुनर्जीवन और नजफगढ़ ड्रेन की सफाई के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है. इसी क्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली जल प्रबंधन, सीवेज ट्रीटमेंट और जलापूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को मंजूरी दी है. सीएम गुप्ता ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता राजधानी के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं देना और दिल्ली को एक स्वच्छ, हरित और जल-सुरक्षित राजधानी बनाना है. रेखा गुप्ता ने बताया कि नजफगढ़ क्षेत्र में 12 नए डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की मंजूरी दी गई है.

# भारत का नाम रोशन करो : केजरीवाल

**▸ खिलाड़ियों के सम्मान में उतरी पंजाब सरकार**

**चंडीगढ़, 24 मई. रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए अपने पोस्ट में केजरीवाल ने पंजाब और भारत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को बधाईयां दीं.**

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार खिलाड़ियों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा. यह संदेश ऐसे समय आया है जब पंजाब के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हुए हैं. खिलाड़ियों को जब सरकार और समाज का समर्थन मिलता है तो उनका



मनोबल कई गुना बढ़ जाता है. यही वजह है कि केजरीवाल का यह संदेश केवल एक ट्वीट नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के लिए भरोसे और सम्मान का प्रतीक माना जा रहा है. पंजाब सरकार पहले भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं लागू कर चुकी है. खिलाड़ियों को बेहतर ट्रेनिंग, आधुनिक सुविधाएं और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। राज्य के ग्रामीण इलाकों से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने वाले खिलाड़ियों के लिए यह समर्थन बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है. सोशल मीडिया पर भी केजरीवाल के इस संदेश को लेकर लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं. यूजर्स ने खिलाड़ियों के प्रति सम्मान और प्रेरणा का संदेश बताया. खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने नेताओं और सरकारों को इसी तरह खुलकर सामने आना चाहिए.

> अगर खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहन और मजबूत खेल ढांचा मिलता रहा, तो आने वाले वर्षों में पंजाब देश को और अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देगा. केजरीवाल का यह संदेश इसी उम्मीद और विश्वास को मजबूत करता नजर आ रहा है.